तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 घटिया सीसी रोड निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश मानक से कमतर...



13 विभाग का दावा, स्मार्ट मीटर पूरी तरह सटीक...



## खबर संक्षेप





### देसहा सेन समाज का अर्जुन सेन सर्वसम्मति से राजाध्यक्ष निर्वाचित

**नवागढ़।** सामाजिक एकता, संगठन विस्तार और नई ऊर्जा के संकल्प के साथ देढ़ीपार देसहा सेन समाज नवागढ़ को नया नेतृत्व मिल गया है। लोरमी में आयोजित समाज के निर्वाचन सम्मेलन में अर्जुन सेन को सर्वसम्मति से राजाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित राजाध्यक्ष अर्जुन सेन ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा तथा शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवा भागीदारी और जनसेवा को प्राथमिकता दी जाएगी। सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। रामनारायण श्रीवास (छल्ली) को सचिव, हरेराम सेन को उपाध्यक्ष तथा मुन्ना सेन को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर बलदाऊ सेन, नीलमणी सेन, राजकुमार सेन, मुचकुंद सेन, धनंजय सेन एवं राजेंद्र सेन सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अर्जुन सेन के नेतृत्व में संगठन के और अधिक सशक्त एवं सक्रिय होने का विश्वास व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं।

### एक-दो दिन में बारिश नहीं हुई तो गहरा सकता है कृषि संकट

# हफ्तेभर से नहीं बरसे बादल, फटने लगी धरती, सूखे जैसे हालात, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश के प्रमुख कृषि प्रधान जिलों में शामिल बेमेतरा इस समय मानसून की बेरुखी से जूझ रहा है। जिले में पिछले करीब एक सप्ताह से बारिश पूरी तरह थम गई है। खेतों की नमी खत्म हो चुकी है, मिट्टी कड़क होकर फटने लगी है और जहां खेतों में बोआई हो चुकी है वहां धान की नई फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। गांव-गांव में किसान चिंतित हैं।

जिन खेतों में कुछ दिन पहले तक हरियाली दिखाई दे रही थी, वहां अब दरारें और पीले पड़ते पौधे नजर आने लगे हैं। हालात ऐसे हैं कि किसान दिन-रात आसमान की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। बेमेतरा जिले के चारों विकासखंडों और सभी नौ तहसीलों में बारिश रुकने का असर साफ दिखाई दे रहा है। खेतों में रोपी गई धान की फसल को इस समय सबसे अधिक पानी की जरूरत होती है, लेकिन लगातार बारिश नहीं होने से पौधों का विकास रुक गया है। तेज धूप और उमस ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। कई स्थानों पर खेतों की मिट्टी में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं।

**तालाब और नहरें भी नहीं दे रहीं राहत:** जिले के तालाब, नहर और पारंपरिक जलाशयों का जलस्तर भी लगातार घट रहा है। कई स्थानों पर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। इससे खेती के पारंपरिक साधन भी जवाब देने लगे हैं। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला जल्द शुरू नहीं हुआ तो खरीफ की पूरी खेती संकट में पड़ सकती है। किसानों का कहना है कि फसल खराब होने की स्थिति में लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा। पहले से कर्ज में डूबे किसान आर्थिक संकट में फंस जाएंगे। कई परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो सकता है और रोजगार की तलाश में पलायन की नौबत भी आ सकती है।



#### कृषि पर आधारित है जिला

बेमेतरा की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है। जिले में बड़ी आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है। खरीफ सीजन की शुरुआत में किसानों ने सहकारी समितियों, बैंकों और निजी साहूकारों से कर्ज लेकर उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक और रोपाई पर भारी खर्च किया। अब जब फसल को सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता है, तब मानसून की बेरुखी किसानों की सारी उम्मीदों पर पानी फेरती नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों का कहना है कि यदि अगले एक-दो दिनों के भीतर अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की फसल को बचाना मुश्किल हो जाएगा। पौधे पीले पड़ने लगे हैं और कई जगह सूखने की स्थिति में पहुंच गए हैं। ऐसे में किसानों के सामने केवल फसल का नुकसान ही नहीं, बल्कि कर्ज चुकाने और परिवार का भरण-पोषण करने का संकट भी खड़ा हो सकता है।

#### बारिश का इंतजार

गांवों में किसान परिवार इस समय बारिश का इंतजार कर रहे हैं। खेतों में खड़े अन्नदाता की नजरें हर दिन आसमान पर टिकी हैं। किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश हो जाती है तो फसल को बचाया जा सकता है, लेकिन देरी हुई तो नुकसान की भरपाई करना मुश्किल होगा। वहीं किसानों को उम्मीद है कि स्थिति गंभीर होने पर प्रशासन भी राहत और सिंचाई के वैकल्पिक उपायों पर तत्काल कदम उठाएगा।

#### बोरवेल भी देने लगे जवाब

संपन्न किसान किसी तरह बोरवेल के सहारे खेतों तक पानी पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लगातार गिरते भूजल स्तर ने उनकी चिंता भी बढ़ा दी है। कई बोरवेल पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे हैं। दूसरी ओर छोटे और सीमांत किसानों के पास सिंचाई के वैकल्पिक साधन नहीं हैं। ऐसे किसान पूरी तरह बारिश पर निर्भर हैं।

#### मानसून की देरी से न घबराएं, वैज्ञानिक सलाह से करें खरीफ खेती: कृषि विज्ञान केंद्र

**बेमेतरा।** मानसून में लगभग 10 दिन की देरी के बावजूद किसानों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) बेमेतरा एवं कृषि विभाग ने किसानों को वैज्ञानिक सलाह जारी करते हुए मौसम की परिस्थितियों के अनुरूप खरीफ फसलों की खेती करने की अपील की है। विशेषज्ञों के अनुसार जुलाई के अंत तक धान की सीधी बुआई तथा 30 जुलाई तक रोपाई और बियासी का कार्य पूरा किया जा सकता है। हरेली पर्व (12 अगस्त) तक बोआई-रोपाई होने पर भी उत्पादन पर विशेष प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को 125 से 130 दिन की अवधि में पकने वाली उन्नत धान किस्मों का चयन करने, बीजोपचार, जैव उर्वरकों के उपयोग तथा समय पर खरपतवार नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। आवश्यकता पड़ने पर अनुशंसित निंदानाशकों का प्रयोग कृषि विशेषज्ञों की सलाह से करने की भी अपील की गई है। कृषि विभाग के अनुसार जिले की सहकारी समितियों में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी और पोटाश सहित सभी प्रमुख उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। किसानों से संतुलित उर्वरक उपयोग, हरी खाद एवं नील हरित काई जैसी वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने तथा खेती संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के सतत संपर्क में रहने का आग्रह किया गया है।

# एसपी त्रिलोक बंसल का औचक निरीक्षण, अनुशासन और त्वरित कार्रवाई के दिए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने मंगलवार देर शाम थाना सिटी कोतवाली, पुलिस कंट्रोल रूम, डायल-112 कंट्रोल, साइबर सेल और यातायात शाखा का आकस्मिक निरीक्षण कर जिले की कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को अनुशासन, त्वरित कार्रवाई और जनहित आधारित पुलिसिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। एसपी ने थाना अभिलेखों, जनरल डायरी, ड्यूटी रजिस्टर, लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान, शिकायतों और जब्त माल की समीक्षा करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

- अवैध कारोबार, साइबर अपराध और सड़क सुरक्षा पर सख्ती के निर्देश, अनुशासन व त्वरित कार्रवाई को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता

उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस व्यवस्था की नींव अनुशासन है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करने, लंबित स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामील, असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई तथा समयबद्ध विवेचना पूरी कर 60 से 90 दिनों के भीतर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग, कॉम्बिंग ऑपरेशन, विजिबल पुलिसिंग और गोवंश तस्करी पर सख्त कार्रवाई के साथ सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इंटरसेप्टर वाहन का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने साइबर प्रहरी अभियान, त्रिनयन एप और सशक्त एप के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से स्मार्ट एवं हाईटेक पुलिसिंग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।

पुलिस कंट्रोल रूम की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि आम नागरिकों से प्राप्त प्रत्येक सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा उसकी पूरी जानकारी लॉग बुक और निर्धारित रजिस्टर में दर्ज की जाए। उन्होंने कंट्रोल रूम पर आने वाले प्रत्येक कॉल को संवेदनशीलता ▶▶| शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत नवागढ़ की जांच समिति पर उठे सवाल, फरियादी ने निष्पक्ष जांच की मांग की

**नवागढ़।** जनपद पंचायत नवागढ़ की वित्तीय कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। सुशासन तिहार-2026 में दर्ज शिकायत पर जिला पंचायत बेमेतरा ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है, लेकिन फरियादी ने समिति की निष्पक्षता पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। कुंरा निवासी सतीश मार्कण्डेय ने शिकायत क्रमांक-282 के तहत 1 जनवरी 2024 से आवेदन तिथि तक जनपद पंचायत के सभी बैंक खातों, कैशबुक, विभिन्न भुगतानों, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान बिना सक्षम अनुमति किए गए व्यय तथा राजीव गांधी प्रतिमा के सामने दुकान निर्माण में हुए भुगतान की जांच कराने की मांग की थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 13 जुलाई 2026 को तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया। समिति में जिला अंकेक्षक धनराज मेश्राम, सहायक विकास विस्तार अधिकारी कृष्णा साहू तथा तकनीकी सहायक प्रशांत देवांगन को शामिल किया गया है। समिति को 10 दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। फरियादी सतीश मार्कण्डेय का आरोप है कि जिस विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों को जांच सौंपी गई है, उनसे निष्पक्ष जांच की उम्मीद कम है। उन्होंने कहा कि वे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को पत्र भेजकर स्वतंत्र एजेंसी से जांच एवं प्रत्येक भुगतान का भौतिक सत्यापन कराने की मांग करेंगे।

### 19 से 23 तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भिलाई।** मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जन सेवा समिति (मोदी ग्रुप) के तत्वावधान में वैशालीनगर विधानसभा वार्ड-15 गायत्री मंदिर प्रांगण, लोक भारती स्कूल के सामने 19 जुलाई से 23 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर लोकेश पांडेय, पूर्व जिला महामंत्री, भाजयुमो के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

### मकान को किया कब्जा, वृद्ध दंपत्ति भटकने को मजबूर

**भिलाई।** वृद्ध दंपत्ति के मकान को कब्जा कर उनके साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत एसपी से की है। घासीदास नगर तालाब के पास रहने वाले दंपत्ति तपिलाल प्रसाद चौधरी और नागस्वरी देवी ने आरोप लगाया है कि उनके मकान पर सौरभ और उसके परिजनों ने कब्जा कर लिया। इसके कारण दंपत्ति को दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हो गए है। तपिलाल प्रसाद चौधरी का आरोप है कि दमाद अवध बिहारी ने 4.68 लाख रुपए का गबन कर दंपत्ति को अपने पास रख धोखा किया। सौरभ ने इन दोनों दंपत्ति को घर से निकालकर उन्हें बेघर किया है। दोनों दंपत्ति ने एसपी, नगर निगम समेत विभिन्न विभाग ने अपनी शिकायते की है। बावजूद मकान दंपत्ति के कब्जे में नहीं आया है। तपिलाल ने बताया कि उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी जा रही है।

### स्रोत समन्वयक ने किया औचक निरीक्षण

**सेलूद।** पाटन विकासखंड के शासकीय स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीआरसीसी पाटन गुनेश्वर प्रसाद वर्मा ने उच्च माध्यमिक विद्यालय सेमरी, प्राथमिक शाला सेमरी और पूर्व माध्यमिक शाला बोरिद का औचक निरीक्षण किया गया।

पेज 11 का शेष

### एसपी त्रिलोक बंसल ...

और धैर्यपूर्वक सुनकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यातायात शाखा के निरीक्षण में एसपी ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वालों और ओवरस्पीड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों, कॉलेजों और बाजारों में यातायात जागरूकता अभियान चलाने तथा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक सोनल ग्वाला, उप निरीक्षक दिलीप सिंह सहित थाना, पुलिस कंट्रोल रूम, साइबर सेल एवं यातायात शाखा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### गनियारी की श्रद्धांजलि सभा में सीएम साय ने की पंडवानी गायिका के नाम की अलंकरण की घोषणा

# छत्तीसगढ़ की शान थीं पद्म विभूषण तीजन बाई

**भावभीना स्मरण करने उमड़ा सैलाब, राज्योत्सव में डॉ. तीजन बाई के नाम से लोक कला अलंकरण**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश दुनिया में छत्तीसगढ़ की लोक-कला को गौरवान्वित करने वाली सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मविभूषण स्व. डॉ. तीजन बाई के दशगात्र और श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मुख्यमंत्री व जन प्रतिनिधियों सहित हजारों लोगों ने उनका भावभीना स्मरण करते हुए उनके देहांत को अपूरर्णीय क्षति बताया। पैतृक गृह ग्राम गनियारी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री साय ने तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी स्मृति में राज्य अलंकरण रखे जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने श्रद्धांजली सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. तीजन बाई केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश की शान थीं और आज हम सभी ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि देने एकत्र हुए हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता और राज्य सरकार की ओर से उनके निधन को कला जगत की अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि तीजन बाई के अस्वस्थ होने पर सरकार ने पूरी सजगता से उनके बेहतर उपचार के प्रबंध किए थे, यहां तक कि राज्योत्सव के दौरान स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद ने परिजनों से दूरभाष पर चर्चा कर उनका कुशलक्षेम जाना था और आज उनके अवसान पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय मंत्रियों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है। कला जगत में उनके इस अद्वितीय योगदान को अक्षुण्ण रखने के लिए मुख्यमंत्री ने राज्योत्सव के अवसर पर प्रतिवर्ष तीजन बाई के नाम पर लोककला अलंकरण सम्मान देने की घोषणा की। इसके साथ ही गृह ग्राम गनियारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नाम डॉ. तीजन बाई के नाम पर और कला की जीवंत पहचान रहे उनके तंबूरे को रायपुर संग्रहालय में सम्मान व स्मृति स्वरूप सुरक्षित रखे जाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर डॉ. तीजन बाई के पुत्र दिलहरण पारधी और अन्य परिजनों से चर्चा कर पारिवारिक हाल-चाल की जानकारी ली।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि तीजन बाई महान कलाकार थीं, जिन्होंने अपनी पंडवानी कला से विश्व में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। यदि तीजन का पुर्नजन्म हो तो इसी धरती पर हो। उन्होंने सीएम से आग्रह किया कि तीजन बाई की स्मृति में सम्मान की घोषणा करें। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि देश विदेश में अपनी पंडवानी कला से छग की पंडवानी को पहचान दिलाने वालीं तीजन पद्म सम्मान सहित कई विवि ने डाक्टरों की उपाधि दी। विधायक और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि तीजन बाई छत्तीसगढ़ की लोक कला का ऐसा सुगंधित पुष्प थीं, जिसने पूरी दुनिया में अपनी खुशबू बिखेरी। ऐसे छग के गौरव से कलाकार प्रेरणा लेंगे। सभा में सभी ने सभा स्थल पर दो मिनट का मौन रख कर तीजन को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजली सभा में पद्मश्री आरएस बारले, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, नगर निगम भिलाई चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे, छग फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी तथा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और कला संस्कृति से जुड़ी हस्तियों सहित बड़ी संख्या में अंचल के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे। सभा का संचालन मोहित साहू ने किया।

### तीजन को प्रदेश व देश के कलाकारों ने दी सांगितिक श्रद्धांजलि, पूर्व सीएम बघेल भी शामिल

अपनी दीर्घ कला साधना से अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर छत्तीसगढ़ और देश की यश पताका फहराने वालीं पंडवानी गायिका तीजन बाई को छत्तीसगढ़ के कला बिरादरी ने सांगीतिक भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपनी प्रेरक लोकगायिका के योगदान को याद करने प्रदेश के साथ देश के विभिन्न स्थानों से





कलाकारों सहित रंगजगत,समाज, संस्कृति आदि हर तबके के लोग पहुंचे थे। जब लोक कलाकारों ने तीजन की तर्ज पर पंडवानी आदि की कारुणिक प्रस्तुति दी तो उन्हें याद कर सभी की आंखें नम हो गईं। वहीं तीजन बाई की अस्थियां विसर्जित कर लौटे परिजनों व कलाकारों को भी ढोल मंजीरों के साथ रामधुनी गाते हुए घर लाने के दौरान पारधी समाज, परिवार, रिश्तेदारों व सैकड़ों ग्रामीण गमगीन हो गए। शासकीय उमा शाला मैदान में गरिमामय शोकाकुल माहौल में हुए कार्यक्रम में तीजन बाई के सहकलाकारों सहित प्रसिद्ध लोककलाकारों ने पंडवानी सहित भावभीनी लोकरंगी प्रस्तुति देकर पंडवानी गायिका तीजन बाई की स्मृतियों को तरोताजा रखने का पैगाम दिया। 40 सदस्यी टीम वाली सिरजन लोककला



मंच गरियाबंद की पंडवानी गायिका दुर्गा साहू ने उनकी कलायात्रा पर पंडवानी प्रस्तुति दी। कोलकाता से पहुंचीं तीजन की शिष्य प्रसिद्ध रंगकर्मी व पंडवानी गायिका सीमा घोष ने तीजन अम्मा द्वारा पंडवानी गायन सिखाने और बेटी द्वारा आज उनकी नेमत अभिमन्यू वध चक्रव्यूह भेदन प्रसंग की ओजस्वी प्रस्तुति दी तो सभी भावविभोर हो गए। वाद्ययंत्रों पर संगत तीजन बाई के सहकलाकार केवल देशमुख, नरोत्तम नेताम, रामचंद्र देशमुख , चैतराम साहू, डालेश्वर निर्मलकर व मनहरण सार्वा ने की। राजनांदगांव की लोकगायिका पूनम विराट ने तीजन को महान कलाकार बताते हुए वेदना से चोला माटी के है राम... गाकर याद किया। प्रसिद्ध लोकगायिका कविता वासनिक ने डार ले टूट के पाना ...गीत गाकर स्मरण किया । लोकगायक घनश्याम ठाकुर ने तीजन पर केंद्रित दोहे पढ़े। पंडवानी गायिका 12 वर्षीय आराध्या साहू धमतरी व आरु साहू ने पंडवानी गायन किया। कई लोककारों ने लोकरंगी प्रस्तुति भावमय श्रद्धांजलि दी। कलाकारों ने बताया कि बहुत लोग अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देना चाहते थे लेकिन समयाभाव आदि अपरिहार्य कारणों से बीस से अधिक कलामंडिलयों को यह सौभाग्य नहीं मिला। दोपहर बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी सांगितिक श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर स्वर्गीय तीजन की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और तीजन बाई को छत्तीसगढ़ का गौरव बताया।

### अस्थि विसर्जित कर लौटे पुत्र और सहकलाकारों को देख नम हुई आंखें

पूर्व में स्व. तीजन बाई के निवास परिसर में शोकाकुल वातावरण उस समय घनीभूत हो गया जब प्रयागराज संगम में उनकी अस्थियां ल लौटे उनके पुत्र दिलहरण सहित परिजन झकेश्वर, राजू, मंतराम वर्मा सौरभ सहित सहकलाकार मनहरण, रंगकर्मी धन्नूलाल सिन्हा को स्व.तीजन के पंडवानी सहकलाकारों व पारधी समाज व परिजनों ने रामधुनी गाते हुए परखा कर भवन से घर लाया। सभी की आंखें नम हो गईं। बहन रंभा, बहू सरस्वती, रेणू, अन्नू,नरेंद्र, चंद्रलेखा, भुनू,पुष्पा मेनका,दीया निशा,रानी व जीवन आदि ने दिवंगत मुखिया की तस्वीर व गंगाजल के पूजापाठ व पूर्व में दशगात्र की रस्मे निभाईं तो पूरा गांव व सैकड़ों लोग भावविभोर हो गए। निवास परिसर में में भी तीजन के तैलचित्र व कला यात्रा के पोस्टर व स्लोगन बैनर श्रद्धा के केंद्र बने हुए थे। लोग इनके सामने तस्वीरें खिंचा रहे थे।

### प्रसिद्ध कलाकारों ने की स्मृति को संजोने की जाहिर की इच्छा

अनेक लोककारों की सांगितिक प्रस्तुति बाद तीजन बाई से जड़े अंचल के प्रसिद्ध लोक कलाकारों व रंगकर्मियों ने प्रेरण संस्मरण सुनाते हुए सरकार व सक्षम संस्थानों से छग की इस महान कलाकार की स्मृति में लोक संस्थान स्थापित करने की इच्छा जाहिर की। प्रसिद्ध लोकगायिका व खैरागढ़ संगीत विवि की कुलपति ममता चंद्राकर ने कहा कि तीजन बाई अपनी साधना व तपस्या से पंडवानी के शिखर पर पहुंचीं। जब उन्होंने अपना नाम लिखना सीखा व व दस्तखत से पहली बार पारिश्रमिक चेक मिला तो विदेश से अधूरी रिकार्डिंग पूरा कर खुशी का ठिकाना नहीं था। भरथरी गायिका बिलासपुर रेखा निषाद ने वेदनामयी भर्तहरी गाकर तीजन को महान व प्रेरक लोक साधिका बताया। पद्मश्री ऊषा बारले ने कहा कि तीजन बाई से पंडवानी के साथ जीवन में संघर्ष करना सीखा। प्रसिद्ध छग फिल्म निर्देशक प्रेम चंद्राकर ने कहा कि गरीबी व अशिक्षा व छोटे से गांव से दुनिया नापने वाली तीजन छग की गौरव व प्रेरक हैं। सास गारी देथे फैन लोकगायिका रमा जोशी ने तीजन बाई से हम कला संघर्ष ही नहीं सरल व्यक्तित्व की भी प्रेरणा लेते रहेंगे। पद्मविभूषण तीजन बाई को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पंडवानी गायक चेतन देवांगन, पंडवानी गायिका मीना साहू, पूर्णिमा साहू , उवशी साहू, लोकगायिका रजनी रजनी रजक व प्रसिद्ध रंगकर्मी व तीजन के सहकलाकार रहे धन्नूलाल सिन्हा भोपाल व पद्मश्री डां. आरएस बारले आदि कलाकारों ने छग में तीजन बाई की स्मृति में सरकार से छग में बड़ी लोक कला सौगात स्थापित करने की इच्छा जाहिर की। कार्यक्रम का संचालन भिलाई तीन चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे ने किया।

---

# प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन में बाल कैबिनेट का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड साजा के प्राथमिक शाला डीहपारा, बासीन में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से बाल कैबिनेट का गठन किया गया। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत विद्यार्थियों ने मतदान कर विभिन्न पदों के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने की। इस अवसर पर सीमा रानी देवांगन, सफाई कर्मचारी पुन्नी लाल, शाला प्रबंधन समिति की सदस्य जमुना ठाकुर एवं तिरीथ बाई सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। मतदान के बाद गठित बाल कैबिनेट में भूमिका यादव को प्रधानमंत्री, गायत्री वर्मा को उप प्रधानमंत्री, गोदावरी डिकेश्वर को शिक्षा मंत्री, मांशु थलज को स्वास्थ्य मंत्री, तुलेश प्रेम को खेल मंत्री, चंचल टेक राम को संस्कृति मंत्री, रुपनारायण को पर्यावरण मंत्री तथा कार्तिक को जल मंत्री चुना गया। प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने नव-निर्वाचित बाल मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि बाल कैबिनेट बच्चों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि इसके जरिए विद्यार्थी विद्यालय की स्वच्छता, शैक्षणिक गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अनुशासन व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे, जिससे उनमें आत्मविश्वास के साथ-साथ लोक तांत्रिक मूल्यों का भी विकास होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं अनुशासित बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

- मतदान प्रक्रिया से चुने गए बाल मंत्री, विद्यार्थियों में विकसित होगी नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक सोच

# विभाग का दावा, स्मार्ट मीटर पूरी तरह सटीक जांच में सभी शिकायतें निकलीं निराधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) ने स्मार्ट मीटरों को लेकर उठ रहे सवालों पर बड़ा दावा करते हुए स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं के घरों में लगाए जा रहे सभी स्मार्ट मीटर पूरी तरह सटीक, विश्वसनीय और तकनीकी रूप से त्रुटिरहित हैं। विभाग के अनुसार दुर्ग और बेमेतरा जिले से प्राप्त स्मार्ट मीटर एवं बिजली बिल संबंधी 21 शिकायतों की विभागीय मीटर लैब में विस्तृत तकनीकी जांच कराई गई, जिसमें सभी मीटर शत-प्रतिशत सही पाए गए और किसी भी प्रकार की रीडिंग या तकनीकी खराबी सामने नहीं आई। सीएसपीडीसीएल के अनुसार दुर्ग विद्युत रीजन में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

- दुर्ग-बेमेतरा के 21 मामलों की तकनीकी जांच में नहीं मिली कोई गड़बड़ी, 82% उपभोक्ताओं के घरों में लग चुके हैं स्मार्ट मीटर



दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले के करीब 9 लाख 80 हजार निम्नदाब उपभोक्ताओं में से अब तक 6 लाख 90 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इस तरह तीनों जिलों के लगभग 82 प्रतिशत उपभोक्ता नई स्मार्ट मीटर व्यवस्था से जुड़ चुके हैं।

विभाग ने बताया कि स्मार्ट मीटर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उपभोक्ता हर आधे घंटे में अपनी बिजली खपत की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 'मोर बिजली' मोबाइल एप के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग की सुविधा उपलब्ध है, जिससे यह पता लगाया जा सकता है कि दिन के किस समय बिजली की खपत अधिक हो रही है। इससे बिजली की बचत और अनावश्यक खर्च कम करने में मदद मिलेगी। सीएसपीडीसीएल ने बताया कि स्मार्ट मीटर में पोस्टपेड और प्रीपेड दोनों विकल्प उपलब्ध हैं। प्रीपेड सुविधा अपनाने वाले उपभोक्ताओं को सुरक्षा निधि जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी तथा मोबाइल पर ही बिजली खपत, बैलेंस और अन्य आवश्यक जानकारी मिलती रहेगी, जिससे उपभोक्ता अपने बिजली उपयोग पर बेहतर नियंत्रण रख सकेंगे।

दुर्ग विद्युत रीजन में अब तक बेमेतरा में 66,418, साजा में 62,417, निम्नदाब उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि स्मार्ट मीटर लागू होने से मीटर रीडिंग में मानवीय त्रुटि की संभावना लगभग समाप्त हो गई है और बिलिंग व्यवस्था पहले की अपेक्षा अधिक पारदर्शी एवं सटीक बनी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को बिजली बिल या मीटर रीडिंग को लेकर कोई शंका हो तो वह संबंधित विद्युत कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत मिलने पर विभाग मीटर, रीडिंग और बिलिंग प्रक्रिया की विस्तृत जांच करता है तथा तकनीकी त्रुटि मिलने पर तत्काल बिल में आवश्यक सुधार किया जाता है।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार के विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम-2020, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के मीटरिंग कोड तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के प्रावधानों के तहत प्रदेश के सभी निम्नदाब उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट मीटर से बदला जा रहा है। यह कार्य केंद्र और राज्य सरकार की पुनरुद्धारित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

---

### भगवान हनुमान को अर्जी देकर दोषियों को दंडित करने की मांग

# चंदा चोरी मामले में सड़क पर उतरी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अयोध्या के श्री राम मंदिर में हुई दान की राशि की चोरी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई ने मंगलवार को सेक्टर 9 स्थित मेन हॉस्पिटल स्थित हनुमान मंदिर के समक्ष मौन प्रदर्शन किया। साथ ही मंदिर के पंडितों के माध्यम से भगवान हनुमान जी को अर्जी देकर चोरों को कर्मानुसार फल देने की मांग की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में शाम 5 बजे कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में मंदिर परिसर पहुंचे। सभी ने मुंह पर काली पट्टी बांध रखी थी। इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक बीडी कुरैशी, महापौर नीरज पाल, पूर्व महापौर नीति लोधी, जितेंद्र साहू, बृजमोहन सिंह, अतुल साहू, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया मौन प्रदर्शन



### हनुमानजी करेंगे न्याय

आधे घंटे मौन रखने के पश्चात पंडित घटोत्कच शुक्ला सहित अन्य ब्राह्मण भाइयों के माध्यम से मंदिर के भीतर पहुंच कर भगवान हनुमान को अर्जी सौंपी गई। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि राम मंदिर से दान और चढ़ावे की जिस तरह चोरी हुई है वह शर्मनाक है। केंद्र में बैठी सरकार कुछ सुनने को तैयार नहीं। ऐसे में न्याय की उम्मीद किससे करें। यही कारण है कि ब्राह्मण भाइयों की मदद से भगवान श्री हनुमान जी को अर्जी दी जा रही है ताकि वही न्याय करें और दोषियों को दंडित करें।

### छोटों को बना दिया दोषी

पूर्व गृहमंत्री ताम्रकार साहू ने कहा कि मामला बहुत गंभीर है कोई सुनने को तैयार नहीं है। कोई न्याय की उम्मीद नहीं है। कार्रवाई के नाम पर छोटे लोगों को दोषी बना दिया गया है जबकि असली जिम्मेदार बच निकले हैं। दोषियों की पहचान हो और उन्हें कड़ी सी कड़ी सजा मिले इसलिए कांग्रेस ने आज यह प्रदर्शन किया है। अर्जी में सादर प्रणाम करते हुए लिखा कि अयोध्या में भगवान श्री राम के चरणों में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु श्रद्धा आस्था के साथ लाखों रुपए का दान करते हैं। यह केवल धन नहीं बल्कि सनातनियों की भावनाओं का प्रसाद है। लेकिन कुछ लालची लोगों ने इस पवित्र दान की चोरी कर ली है और लोगों की श्रद्धा को ठेस पहुंचाई है। आपसे अनुरोध है कि ऐसे लोगों को सद्बुद्धि दें और कर्मों के अनुसार उन्हें दंड दें ताकि धर्म की रक्षा हो सके और लोगों की आस्था बनी रहे। कार्यक्रम में नरसिंह नाथ, जी राजू, दिनेश पटेल, सौरभ दत्ता, सौरभ मिश्रा, मोहम्मद रफीक, भूपेंद्र यादव, सुभद्रा सिंह आदि मौजूद थे।

# बीए अंतिम वर्ष के अंग्रेजी परिणाम पर उठे सवाल, पुनर्मूल्यांकन की मांग



**नवागढ़।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के बीए अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम को लेकर शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़ के विद्यार्थियों में असंतोष है। अंग्रेजी विषय में 219 नियमित विद्यार्थियों में केवल 30 के उत्तीर्ण होने, जबकि 189 विद्यार्थियों के अनुत्तीर्ण अथवा पूरक घोषित होने से परिणाम पर सवाल उठने लगे हैं।

अनियमित परीक्षार्थियों का परिणाम भी प्रभावित होने की बात सामने आई है। विद्यार्थियों का कहना है कि अन्य विषयों में अच्छे अंक मिलने के बावजूद अंग्रेजी विषय का परिणाम अपेक्षा के विपरीत रहा है। उन्होंने उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की निष्पक्ष जांच एवं पुनर्मूल्यांकन की मांग की है। छात्रा कामिनी साहू और तरुणा साहू ने कहा कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का प्रभावित होना चिंता का विषय है तथा इससे उच्च शिक्षा और पीजी प्रवेश पर भी असर पड़ सकता है। विद्यार्थियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य गिरीश कांत पांडे ने विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र भेजकर अंग्रेजी विषय के परिणाम की समीक्षा, पुनर्मूल्यांकन और निष्पक्ष जांच कराने का आग्रह किया है। यदि किसी स्तर पर त्रुटि हुई है तो उसका समय पर निराकरण होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई विदाई



**पिपरिया।** संकुल स्त्रोत केंद्र पिपरिया में सेवानिवृत्त शिक्षक विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही गरिमामयी तरीके से आयोजित किया गया। कार्यक्रम मां सरस्वती की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त संकुल प्राचार्य नंदकुमार शर्मा, उत्कृष्ट प्रधान पाठक धर्मेंद्र कुमार शर्मा, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन राम चंद्रवंशी उपस्थित थें। संकुल समन्वयक महेंद्र जांगड़े ने अतिथियों के सेवा, समर्पण, ज्ञान, प्रेम, संस्कार, अनुशासन एवं मार्गदर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को स्मरण कराया एवं उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और भावीं जीवन यात्रा के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित किया। उपस्थित सभी शिक्षकों के द्वारा अतिथियों के साथ बिताए हुए पल उनके कुशल नेतृत्व में किए गए कार्य पर अपना-अपना विचार रखें। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा समय की प्रबंधन, अनुशासन, कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व पर मार्गदर्शन करते हुए जीवन के खट्टे-मीठे अनुभव सबके बीच रखा गया। अंत में संकुल परिवार पिपरिया द्वारा सभी अतिथियों को साल, श्रीफल, कलम एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान पाठक रूपेश कुमार तिवारी द्वारा एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक लखन लाल वारते द्वारा किया गया।

### महत्वपूर्ण विजिट व निरीक्षण कार्यक्रम संपन्न



**कवर्धा।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कवर्धा में एक महत्वपूर्ण विजिट और निरीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव पवनेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल व डीएमएम रामेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा आरसेटी परिसर का विस्तृत दौरा किया। परिसर का जायजा अधिकारियों ने आरसेटी परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को देखा और उसे सराहना की साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने संस्थान के छात्रावास, कैंटीन, कम्प्यूटर लैब आदि का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संयुक्त सचिव भारत सरकार नई दिल्ली पवनेश शर्मा एवं जिला सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रही प्रशिक्षणार्थियों से आत्मीय मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा पशु सखी प्रशिक्षणार्थियों को उनके काम को आसान और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक पशु सखी किट (सामग्री) का वितरण किया गया। इस वीआईपी दौरे से प्रशिक्षण ले रही महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। संस्थान के स्टाफ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### सौगात : सरकारी स्कूलों के बच्चे सीखेंगे एआई, ड्रोन और रोबोटिक्स

# विधायक भावना की साइंस पाठशाला का सीएम व विस अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने तथा शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा की महत्वाकांक्षी पहल भावना दीदी की साइंस पाठशाला मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब का शुभारंभ छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के करकमलों से सम्पन्न हुआ।

इस दौरान उन्होंने बस में निर्मित हाईटेक मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब को हरी झंडी दिखाकर भावना दीदी की साइंस पाठशाला को रवाना किया जो पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण व वनांचल एवं प्रत्येक शासकीय व शिशु मंदिर विद्यालयों में पहुंचेगी। भावना बोहरा के इस प्रयास के लिए मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने सराहना करते हुए बधाई और अपनी शुभकामनाएं दी।

बस में संचालित इस मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को 5 अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर में चरणबद्ध तरीके से 3 से 5 दिनों की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत प्रथम चरण में कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को बेसिक से लेकर एडवांस टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा। भावना दीदी की साइंस पाठशाला के माध्यम से एक वर्ष में 5000 से अधिक सरकारी व सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ना, विज्ञान एवं नवाचार के प्रति विद्यार्थियों में रुचि विकसित करना, विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, समस्या समाधान, क्षमता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना, भविष्य की तकनीकों पर आधारित रोजगार एवं करियर के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए नए अवसर उपलब्ध कराना है।

पंडरिया विधानसभा का अधिकांश क्षेत्र आदिवासी व वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र है ऐसे में इस पहल से वहां के विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों को करीब से जानने व सिखने का एक नया अनुभव और भविष्य के लिए मजबूत आधार मिलेगा।

विधायक भावना बोहरा की यह अभिनव पहल ग्रामीण अंचलों के सरकारी विद्यालयों तक अत्याधुनिक मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन और एयरोमॉडलिंग, 3-डी प्रिंटिंग, कोडिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ऑगमेंटेड एवं वर्चुअल रियलिटी जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी शिक्षा के बीच तकनीकी अंतर को समाप्त करना तथा सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाना है।

#### शिक्षा में नवाचार, डिजिटल लर्निंग व तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने सराहनीय प्रयास : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधायक भावना बोहरा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नई शिक्षा व्यवस्था का लक्ष्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करना है। भावना दीदी की साइंस पाठशाला जैसी पहलें इस सोच को धरातल पर साकार करती हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी नए अवसर मिलेंगे। यह पहल पंडरिया विधानसभा के विद्यार्थियों को तकनीकी व आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के साथ ही उनके कौशल व मानसिक विकास एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा में नवाचार, डिजिटल लर्निंग और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा समाजहित में किए जा रहे ऐसे प्रयास प्रेरणादायक हैं।

#### विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए अनुकरणीय पहलः डॉ रमन सिंह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि भावना दीदी की साइंस पाठशाला केवल एक मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाला अभियान है। जब सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी स्वयं ड्रोन उड़ाएंगे, रोबोट संचालित करेंगे और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों को व्यवहारिक रूप से सीखेंगे तो उनका कौशल विकास होगा साथ ही उन्हें आने वाले समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने व आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी भी बढ़ेगी जो उनके उज्जवल और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। विधायक भावना बोहरा ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल की है, जो निश्चित रूप से पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बनेगी।

#### प्रदेश या राष्ट्र की वास्तविक प्रगति शिक्षा की गुणवत्ता से तय होती हैः भावना

भावना दीदी की साइंस पाठशाला के बारे में जानकारी देते हुए विधायक भावना बोहरा ने कहा कि मेरा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि किसी भी समाज, प्रदेश या राष्ट्र की वास्तविक प्रगति उसकी शिक्षा की गुणवत्ता से तय होती है। यदि हम अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा, आधुनिक ज्ञान और नई तकनीकों से जोड़ते हैं, तो हम केवल उनका भविष्य नहीं, बल्कि पूरे समाज,प्रदेश व राष्ट्र का भविष्य सशक्त बनाते हैं। आज दुनिया तेजी से बदल रही है।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन, डिजिटल टेक्नोलॉजी और नवाचार आने वाले समय की पहचान बनने जा रहे हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि हमारे ग्रामीण अंचलों के बच्चे भी इन अवसरों से वंचित न रहें। हमारे गाँवों के बच्चों में भी असीम क्षमता है, आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर, उचित मार्गदर्शन और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने की है।

# शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे छात्र-छात्राएं, पढ़ाई-लिखाई प्रभावित

## वर्ष 2025-26 से लगातार हो रही मांग, जिम्मेदार बेपरवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित पूर्व प्राथमिक शाला एवं हाई स्कूल में लंबे समय से शिक्षकों की कमी बनी हुई है। वर्ष 2025-26 से लगातार अतिरिक्त शिक्षकों की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। इसके कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई विषयों का पाठ्यक्रम समय पर पूरा कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों, पालकों एवं विद्यार्थियों का कहना है कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए विद्यालयों में छात्र संख्या के अनुरूप शिक्षकों की उपलब्धता आवश्यक है। लेकिन वर्तमान में दोनों विद्यालय सीमित शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रहे हैं। कई बार शिकवा शिकायत व संबंधित अधिकारियों के माध्यम से इस समस्या से अवगत कराया गया, इसके बावजूद अब तक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव की पूर्व प्राथमिक शाला में वर्तमान में प्रधान पाठक सहित केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि विद्यालय में 69 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं और प्रवेश प्रक्रिया जारी होने के कारण विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को केवल दो शिक्षकों के माध्यम से पढ़ाना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। इससे प्रत्येक विद्यार्थी पर पर्याप्त ध्यान देना कठिन हो जाता है और शिक्षण कार्य भी प्रभावित होता है।

इसी प्रकार ग्राम के हाई स्कूल में भी शिक्षकों की कमी बनी हुई है। यहां प्राचार्य सहित केवल तीन शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि कक्षा 9वीं एवं 10वीं में 100 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय में कुछ विषयों के शिक्षकों का अभाव है, जिसके कारण संबंधित विषयों का नियमित अध्ययन प्रभावित हो रहा है।

#### sरिक्त पदों पर शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति की जाए

ग्रामीणों ने शासन एवं शिक्षा विभाग से मांग की है कि ग्राम कोलेगांव के पूर्व प्राथमिक शाला एवं हाई स्कूल में रिक्त पदों पर शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। विशेष रूप से जिन विषयों के शिक्षक नहीं हैं, वहां विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना की जाए, ताकि विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो सके और उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही शिक्षकों की कमी दूर कर दी जाती है तो विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, पढ़ाई नियमित रूप से संचालित होगी और उन्हें भविष्य की परीक्षाओं एवं प्रतियोगी अवसरों के लिए बेहतर तैयारी करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने शासन-प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है, ताकि ग्राम कोलेगांव के विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बन सके।

### चार सूत्रीय मांगों को लेकर 20 को प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर (पंजीयन क्रमांक 6685) तथा छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ, रायपुर (पंजीयन क्रमांक 12222149760) के संयुक्त तत्वावधान में लंबित चार सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए 20 जुलाई 2026 को रायपुर के तूता स्थित धरना-प्रदर्शन स्थल पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन, महारैली एवं विधानसभा घेराव का आयोजन किया जाएगा। महासंघ द्वारा जारी सूचना के अनुसार, कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर 3 नवंबर 2025 से अनिश्चितकालीन आंदोलन किया गया था। आंदोलन के दौरान शासन-प्रशासन का ध्यान कर्मचारियों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया गया, किंतु अब तक मांगों का संतोषजनक समाधान नहीं हो सका है।

# शिक्षा सत्र शुरू लेकिन विद्यार्थियों को अब तक नहीं मिला नया स्कूल ड्रेस

- ड्रेस वितरण नहीं होने से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरुआत हुए एक माह पूरा हो चुका है, लेकिन विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के कई स्कूलों में छात्र-छात्राओं को अब तक नया स्कूल ड्रेस उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके चलते अधिकांश विद्यार्थी पुराने ड्रेस पहनकर ही स्कूल आने को मजबूर हैं।

गौरतलब है कि नया शिक्षा सत्र 15 जून 2026 से प्रारंभ हुआ था। आज 15 जुलाई हो चुकी है, लेकिन स्कूलों में ड्रेस वितरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इससे अभिभावकों और विद्यार्थियों में निराशा देखी जा रही है। कई विद्यार्थियों के पुराने ड्रेस छोटे हो चुके हैं या काफी पुराने हो गए हैं, फिर भी नए ड्रेस नहीं मिलने के कारण उन्हें उन्हीं कपड़ों में विद्यालय जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा विद्यार्थियों को समय पर ड्रेस उपलब्ध कराना शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ही ड्रेस उपलब्ध हो जाए, तो बच्चों को नए सत्र की शुरुआत में ही इसका लाभ मिल सकता है। लेकिन इस बार एक माह बीत जाने के बाद भी ड्रेस वितरण नहीं होने से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा सत्र की शुरुआत से पहले ही ड्रेस, पाठ्यपुस्तक और अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कर ली जानी चाहिए थी, ताकि बच्चों की पढ़ाई बिना किसी असुविधा के शुरू हो सके। हालांकि कई स्कूलों में पढ़ाई नियमित रूप से चल रही है, लेकिन ड्रेस वितरण में हुई देरी चर्चा का विषय बनी हुई है।

ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यार्थियों को शीघ्र नया स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराया जाए। उनका कहना है कि ड्रेस वितरण में हुई देरी के कारण बच्चों और अभिभावकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि आखिर ड्रेस वितरण में इतना विलंब क्यों हुआ और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय पर ड्रेस उपलब्ध करा दी जाए तो विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ेगा और शासन की योजनाओं का लाभ भी उन्हें समय पर मिल सकेगा।

### प्रशिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन की सूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पीएमश्री विद्यालयों में कुल 11 पदों पर अंशकालीन योग प्रशिक्षक एवं खेल शिक्षक, प्रशिक्षकों की सेवाएं लिए जाने के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के उपरांत मेरिट सूची प्रकाशित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले क्रमांक 01 से 11 तक के अभ्यर्थियों तथा उनके बाद प्राप्तांक के आधार पर चयनित 10 अतिरिक्त अभ्यर्थियों सहित कुल सरल क्रमांक 01 से 21 तक के अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन का कार्य 23 जुलाई 2026 गुरुवार को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम में आयोजित किया जाएगा। संबंधित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

### पंडरिया-मैनपुरा पेट्रोल पंप मार्ग दुर्घटना को दे रहा न्योता

# डंप मटेरियल से आवागमन बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

पंडरिया नगर में मैनपुरा से पेट्रोल पंप तक हाल ही में निर्मित सीसी रोड आम लोगों के लिए सुविधा बनने के बजाय परेशानी का कारण बनती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क का निर्माण कार्य पूरा हुए 25 दिनों से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन सड़क के दोनों किनारों पर डाले जाने वाले मुरुम और अन्य निर्माण सामग्री अब तक सड़क पर ही डंप पड़ी हुई है। इसके कारण सड़क एक तरफ से संकरी हो गई है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन इस मार्ग से बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहन गुजरते हैं। सड़क पर निर्माण सामग्री पड़े रहने से वाहन चालकों को एक-दूसरे को रास्ता देने में परेशानी होती है। कई बार अचानक सामने से वाहन आने पर दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस लापरवाही के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं और लोगों में हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। बारिश होने के बाद समस्या और गंभीर हो जाती है।

सड़क पर डंप मटेरियल पानी के साथ मिलकर कीचड़ में बदल जाता है, जिससे फिसलन बढ़ जाती है। दोपहिया वाहन चालक विशेष रूप से परेशान हैं और कई लोग फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। पैदल चलने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी इस मार्ग से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, तो सड़क किनारे की सामग्री को तुरंत समतल कर व्यवस्थित किया जाना चाहिए, ताकि सड़क पूरी चौड़ाई में उपयोग के लिए उपलब्ध हो सके। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण समस्या लंबे समय से बनी हुई है और अब तक इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि सड़क किनारे डंप निर्माण सामग्री को तत्काल हटाकर या समतल कर सड़क को पूरी तरह चालू किया जाए। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता और अधूरे कार्यों की भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई कि जाएं।



## खबर संक्षेप

### शराब की अवैध तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रूप से शराब तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाइक सीजी 07 एलएच 9279 में शराब रखकर पतोरा बस्ती, उतई-पाटन रोड किनारे शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर वार्ड 11 धौराभाठा उतई निवासी गजेन्द्र ठाकुर को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने काले रंग की थैली में रखी 30 पौवा देशी मसाला शोले शराब (5.4 बल्क लीटर) बरामद किया गया। जिसकी कीमत 3 हजार रुपए आंकी गई है।

### स्कूली छात्रों से मारपीट गाली-गलौज, दो गिरफ्तार



**भिलाई।** स्कूली छात्रों के साथ मारपीट गाली गलौज और रंगदारी करने वाले दो युवक और अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट ने बताया कि मोहम्मद शब्बीर ने पुलिस में शिकायत किया कि स्कूल आने-जाने वाले छात्रों को रोककर अज्ञात परेशान करते हैं। उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज कर शराब पीने के लिए पैरकम का डिमांड करते है। रकम नहीं देने पर छात्रों से मारपीट किया जाता है। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरु किया, पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देने वाले डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार निवासी युवराज साहू, एच.सी.एल. कॉलोनी, तेलहा नाला के पास, नंबर-4 शेखर गुप्ता के रुप में शिनाख्त हुआ। दोनों से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना मदनी मस्जिद के पास, मदरसा जोन-02, खुर्सीपार की है। युवकों से दो बाइक. लकड़ी का हाकी जब्त किया। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों, पालकों एवं छात्र-छात्राओं से अपील करती है कि यदि किसी भी प्रकार की मारपीट, धमकी, वसूली, गाली-गलौज अन्य आपराधिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर निकटतम पुलिस थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

### पीएनबी के 120 खाताधारकों पर एफआईआर

**भिलाई।** पंजाब नेशनल बैंक के 120 खाता धारको के खिलाफ पुलिस ने ठगी का अपराध दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल व पुलिस मुख्यालय से मिले पत्र के आधार पर 21 जून 2026 के मुताबिक उक्त बैंक के खाता धारकों ने साईबर ठगी किया है। खाता का उपयोग धारकों द्वारा म्यूल खातो में उपयोग किए गए है। बैंक के खाताधारकों द्वारा छल पूर्वक बेईमानी से अनाधिकृत रुप से अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने ठगी की है। इस कारण पुलिस ने जांच कर खाता धारकों के खिलाफ कार्रवाई किया है। गौरतलब हो कि पुलिस म्यूल खातों को लेकर लगातार कार्रवाई करती आ रही है। इसके कारण खाता बेचकर रकम प्राप्त करने वालों का भी लिस्ट पुलिस ने बनाया है। जल्द साइबर ठगी करने वालों की गिरफ्तार पुलिस जल्द करेगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### आरोप : ग्रामीणों ने कलेक्टर से तकनीकी जांच व कार्रवाई की मांग

# घटिया सीसी रोड निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश मानक से कमतर सामग्री लगाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



ब्लॉक बेरला की ग्राम पंचायत मनियारी के वार्ड क्रमांक 10 में निर्माणाधीन सीसी रोड की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम रखी गई, लंबाई-चौड़ाई और मोटाई में भी मानकों का पालन नहीं किया गया तथा बिना बेस तैयार किए सीधे कीचड़ पर कंक्रीट डालकर निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शीतला मंदिर के पास मन्नू साहू के घर से नहर नाली तक लंबे समय से सीसी रोड की मांग थी।

वर्ष 2026 में निर्माण कार्य शुरू होने पर लोगों में खुशी थी, लेकिन मिक्सर मशीन से डाली जा रही सामग्री का रंग लाल दिखाई देने और सीमेंट की मात्रा कम होने की आशंका पर लोगों ने आपत्ति जताई। सूचना मिलने पर उपसरपंच संतोष साहू भी मौके पर पहुंचे और ठेकेदार से फोन पर चर्चा की। ठेकेदार ने लाल रंग का कारण गिट्टी बताया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की मोटाई करीब 4 इंच और चौड़ाई लगभग साढ़े 9 फीट रखी गई, जो स्वीकृत मानकों से कम है। उनका कहना है कि निर्माण से पहले न तो मुरूम बिछाई गई और न ही उचित बेस तैयार किया गया। गीली जमीन पर सीधे कंक्रीट डालने से सड़क जल्द ही दरकने और उखड़ने की आशंका जताई गई है। ग्रामीण रविंद्र भास्कर चौबे ने आरोप लगाया कि निर्माण के दौरान न तो सरपंच, न ठेकेदार और न ही इंजीनियर या तकनीकी सहायक मौके पर मौजूद थे। पूरा कार्य मजदूरों के भरोसे कराया गया, जिससे गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### उपसरपंच ने भी उठाए सवाल

उपसरपंच संतोष साहू ने बताया कि ठेकेदार ने लाल रंग की गिट्टी का हवाला दिया, लेकिन मौके पर उपयोग की जा रही रेत मटमैली थी और सीमेंट की मात्रा भी कम दिखाई दी। उन्होंने सड़क की लंबाई-चौड़ाई में भी मानक से कटौती का आरोप लगाया। निर्माण कार्य के विरोध में अंकुश साहू, गीतेश्वर साहू, अमर साहू, रामकृष्ण, कमलेश साहू, मन्नू साहू, रमेश, धनराज, तीजवा साहू, रविंद्र भास्कर चौबे सहित वार्ड के अनेक ग्रामीण और महिलाओं ने नाराजगी जताई। उनका कहना है कि घटिया सामग्री से बनी सड़क कुछ ही महीनों में खराब हो जाएगी। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से मांग की है कि तकनीकी टीम भेजकर सड़क की गुणवत्ता, लंबाई, चौड़ाई और मोटाई की जांच कराई जाए। साथ ही यदि अनियमितता पाई जाए तो संबंधित ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए।

# बाल उद्यान की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग



**बेमेतरा/देवकर।** नगर पंचायत देवकर में बाल उद्यान के लिए आरक्षित शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जा कर पक्के निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। वार्ड क्रमांक-5 के पार्षद रविशंकर सोनी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, अवैध निर्माण पर रोक लगाने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत देवकर के मुख्य मार्ग स्थित वार्ड क्रमांक-6 में बाल उद्यान के लिए आरक्षित शासकीय भूमि पर वर्षों से कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उक्त भूमि को पूर्व में सार्वजनिक उपयोग एवं हरित क्षेत्र के रूप में सुरक्षित रखा गया था, लेकिन अब नियमों की अनदेखी कर उस पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित भूमि के आसपास विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो सकते हैं। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने पर सवाल उठाए गए हैं। पार्षद रविशंकर सोनी ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत क्षेत्र में कई स्थानों पर सरकारी भूमि पर पक्के निर्माण किए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की राजस्व अभिलेखों के आधार पर जांच कराई जाए, अवैध कब्जे हटाए जाएं तथा भविष्य में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को रोका जाए। ज्ञापन में विशेष रूप से नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में हो रहे निर्माण कार्यों की भी जांच कराने और यदि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई है। पार्षद ने कहा कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अतिक्रमण से नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच कराने और कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# 23.99 लाख के महतारी सदन निर्माण में सूचना पटल से गायब पूर्णता तिथि, ग्रामीणों ने उठाए पारदर्शिता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



साजा विकासखंड के ग्राम ठेलका में लगभग 23 लाख 99 हजार रुपये की लागत से निर्माणाधीन महतारी सदन अब विभागीय लापरवाही और अपारदर्शिता को लेकर विवादों में आ गया है।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) संभाग बेमेतरा के साजा सब डिवीजन द्वारा कराए जा रहे इस निर्माण कार्य में सूचना पटल पर कार्य पूर्ण होने की तिथि अंकित नहीं किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। निर्माण स्थल पर लगे सूचना पटल में कार्य प्रारंभ होने की तिथि 25 जनवरी 2026 तथा निर्माण अवधि 6 माह दर्ज है, लेकिन कार्य पूर्ण होने की अंतिम तिथि वाला कॉलम पूरी तरह खाली छोड़ दिया गया है। जबकि सरकारी निर्माण कार्यों में शुरुआत और पूर्णता की तिथि स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य माना जाता है, ताकि आम जनता निर्माण की प्रगति पर नजर रख सके। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्णता तिथि जानबूझकर नहीं लिखी गई है, जिससे निर्माण कार्य में संभावित देरी और अनियमितताओं पर पर्दा डाला जा सके। उनका कहना है कि जब कार्य की समय-सीमा ही सार्वजनिक नहीं होगी, तो इसकी गुणवत्ता और प्रगति की निगरानी भी प्रभावित होगी। करीब 24 लाख रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट में बरती जा रही कथित अपारदर्शिता को लेकर ग्रामीणों ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि मामले को लेकर जिम्मेदार अधिकारी अब तक कोई स्पष्ट जवाब देने सामने नहीं आए हैं।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की जांच कराई जाए, सूचना पटल में पूर्णता तिथि तत्काल अंकित कराई जाए तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार की जवाबदेही तय की जाए।

# शहर से बाहर शिफ्ट हो सकती है फल मंडी व्यापारियों से नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने ली राय



**बेमेतरा।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और बाजार क्षेत्र में बढ़ते दबाव को कम करने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में थोक एवं चिल्लर फल व्यापारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के भीतर संचालित फल दुकानों एवं थोक फल मंडी को शहर से बाहर स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने व्यापारियों से सुझाव और उनकी राय जानी। व्यापारियों ने भी बेहतर व्यवस्था के लिए नगर पालिका का सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस पहल से शहर में यातायात का दबाव कम होने, बाजार व्यवस्था अधिक व्यवस्थित बनने तथा व्यापारियों और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद जताई गई। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि फल मंडी के स्थानांतरण जैसे महत्वपूर्ण निर्णय व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखकर और सभी संबंधित पक्षों की सहमति से लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास और सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं थोक व चिल्लर फल व्यापारी उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक अवधेश सिंह का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक, सरगुजा संभाग प्रभारी अवधेश सिंह चंदेल का जन्मदिन बेरला में उत्साह और जनसहभागिता के साथ मनाया गया।

- मरीजों को बांटे फल, कर्मचारियों का सम्मान और विद्यार्थियों संग मनाया जन्मोत्सव

इस अवसर पर हजारों कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों की मौजूदगी रही। दिनभर चले सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से चंदेल ने समाजसेवा का संदेश भी दिया। जन्मदिन की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बेरला से हुई, जहां उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके बाद नगर पंचायत बेरला के कर्मचारियों को पोशाक वितरित कर उनका सम्मान किया तथा शुभकामनाएं स्वीकार करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात चंदेल ने उदय पब्लिक स्कूल एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, बेरला पहुंचकर विद्यार्थियों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। वहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प भी लिया। मुख्य कार्यक्रम मंडी प्रांगण, बेरला में आयोजित हुआ, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता ने पूर्व विधायक का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा बेरला मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर अवधेश सिंह चंदेल ने कहा कि क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं का स्नेह व आशीर्वाद उनके लिए सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि जनता का अपार प्रेम देखकर उनका हृदय भावुक हो गया है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे आगे भी क्षेत्र की सेवा और विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत, अंजू बघेल, पोषण वर्मा, ओमप्रकाश जोशी, प्रीतम चंदेल, पिंटू सिन्हा, हर्षवर्धन तिवारी, संजीव तिवारी, बलराम पटेल, नारायण पटेल, थानेश्वर साहू, यतीश द्विवेदी, कमल साहू, सिंपू परगनिहा, रमेश सिन्हा, बलराम यादव, बलराम सिवारे, शिवझड़ी सिन्हा सहित भाजपा के प्रदेश, जिला एवं मंडल पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।






# श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता शिवम तिवारी



**बेमेतरा।** रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित भव्य श्रीमद्भागवत कथा में बेमेतरा के जनसेवक एवं भाजपा कार्यकर्ता शिवम तिवारी ने अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज का सानिध्य प्राप्त कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने महाराजजी को बेमेतरा स्थित माता भद्रकाली मंदिर का तैल चित्र भेंट कर दर्शन के लिए सादर आमंत्रित किया। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान इंडोर स्टेडियम श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से खचाखच भरा रहा। भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर वातावरण में हजारों श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया। पूज्य देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी प्रवचनों से धर्म, संस्कृति और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

इस अवसर पर शिवम तिवारी ने कहा कि पूज्य महाराजजी का सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने महाराजजी से बेमेतरा स्थित माँ भद्रकाली मंदिर पधारने का आग्रह भी किया। श्रद्धा और आध्यात्मिकता से ओतप्रोत यह आयोजन उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।


